तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 25 जून 2026

12 लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय था आपातकाल, सात लाख हुए बेघर



12 राजकीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ, छात्रों को रोजगार देने वाली ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### हजारों की हेरोइन के साथ एक नशातस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिले की स्पेशल सेल टीम ने ड्रेन कच्चा रास्ता रायपुर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल टीम के सह उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि ड्रेन कच्चा रास्ता रायपुर के पास युवक नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 32 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### गोली से जख्मी युवक ने सात दिन बाद तोड़ा दम

**अंबाला।** दुखेड़ी गांव में 17 जून को रंजिश के कारण सिर व पेट में दो गोलियां लगने से घायल हुए केशव ने रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक सप्ताह से केशव एमएम अस्पताल में वेंटीलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रहा था। पड़ाव थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा को भी जोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार, गोलीकांड के दो दिन पहले आरोपी अंकित की केशव के साथ बहस हुई थी। आरोपियों ने धमकाया था कि उसे कुछ ही दिन में जान से मार देंगे।

### रंजिश के चलते युवक को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव रामपुर खादर के पास रंजिश के चलते आधा दर्शन युवकों ने गांव रामबांस खदरी निवासी अमन को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए चार-पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रामबांस खदरी निवासी अमन ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 21 जून को रामपुर खादर गांव में गया था।

### मारुति में नौकरी के नाम पर ठगे तीन लाख 41 हजार

**यमुनानगर।** शहर की जवाहर नगर कॉलोनी में गुरूग्राम स्थित मारुति कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर व्यक्ति से 3.41 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप रवि नामक युवक पर लगा है। पुलिस ने पीड़ति व्यक्ति की पत्नी की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर कॉलोनी निवासी ज्योति ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पति नवीन कुमार रोजगार की तलाश में था।

### सीआईए थाने पर एम्बुलेंस रोकी, ताऊ के परिवार की गिरफ्तारी पर अड़े

# पानीपत में 16 वर्षीय छात्र की मौत के बाद जीटी रोड पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

बड़ौली गांव के 16 वर्षीय छात्र की मौत के बाद जीटी रोड पर जमकर हंगामा हुआ। परिजन रोड पर ही बेटे का शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। परिवार की महिलाएं शव के पास बैठकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करती रहीं। हंगामा बढ़ता देख मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस की तैनाती कर दी गई। डीएसपी ने खुद मृतक शेखर की मां को मोबाइल में आरोपियों की गिरफ्तारी की वीडियो दिखाई। जब पुलिस शव को उठाने की कोशिश करने लगी, शेखर की बहन एम्बुलेंस के आगे अड़ गई। करीब 2 घंटे हंगामे के बाद आरोपियों की गिरफ्तार की बात सुनकर परिजन युवक का शव बड़ौली गांव ले जाने के लिए राजी हुए। हालांकि पानीपत टोल प्लाजा के पास परिजनों ने सीआईए थाने के सामने फिर एम्बुलेंस रुकवा ली और सभी पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस पहले ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। शेखर पर 22 अप्रैल को उसके ताऊ के परिवार ने हमला कर दिया था। मंगलवार रात शेखर ने इलाज के दौरान रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया।

#### मिनी सचिवालय के सामने हंगामा

मंगलवार रात इलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में शेखर की मौत हो गई। इसके बाद परिजन बुधवार दोपहर शेखर का शव लेकर पानीपत जीटी रोड पहुंच गए। यहां मिनी सचिवालय के सामने परिवार ने शेखर का शव रोड पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया।

#### ताऊ के परिवार की गिरफ्तारी की मांग

परिजनों का कहना है कि मामले में अब तक 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि इस वारदात में 2 महिलाओं सहित कुल 5 लोग शामिल थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए महिलाएं जीटी रोड पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगी। हंगामा बढ़ता देख दोपहर करीब 2 बजे डीएसपी भी मौके पर पहुंच गए और परिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की वीडियो दिखाने लगे।

#### सीआईए थाने के बाहर दोबारा हंगामा

पुलिस के आश्वासन के बाद कुछ ग्रामीण शेखर का शव उठाने के लिए राजी हो गए, हालांकि शेखर की बहन एम्बुलेंस के आगे ही अड़ गई। इसके बाद ग्रामीण शेखर का शव लेकर बड़ौली गांव जाने लगे, मगर टोल प्लाजा के पास सीआईआ थाने के पास एम्बुलेंस रुकवाकर दोबाराक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हंगामा करने लगे।







#### ऑटो हटाने को लेकर विवाद

पानीपत के बड़ौली गांव के रहने वाले रामेश्वर का ऑटो घर के बाहर गली में खड़ा रहता था। रामेश्वर का बड़ा भाई कृष्ण लाल अक्सर इस ऑटो को गली से हटाने के लिए कहता था। 22 अप्रैल को दोनों के बीच इसे लेकर बहस भी हुई। ताऊ के परिवरा ने रास्ता रोकाः रामेश्वर का कहना है कि इसके बाद मैं और बेटा शेखर (16) गली से होकर घर आ रहे थे। इसी दौरान कृष्ण लाल और उसके परिवार के अजय, विजय, बिमला और लोकेशा ने उनका रास्ता रोक लिया। कृष्ण यहां हमारे साथ गाली-गलौज करने लगा। मारपीट कर ऑटो का शीशा तोड़ाः रामेश्वर के अनुसार, आरोपियों ने शेखर के सिर में इंटरलॉक ईंट मार दीं। ईंट लगते ही वो रास्ते पर गिर गया। इसके बाद शेखर गंभीर रूप से घायल हो गया। कृष्ण ने मेरे सिर में कई लाठियां मारीं। ऑटो का फ्रंट शीशा भी तोड़ दिया।

#### 2 महीने चला इलाज

परिजनों ने गंभीर हालत में शेखर को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पीजीआई में ही करीब 2 महीने से शेखर का इलाज चल रहा था। 23 जून की रात शेखर ने पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।परिवार का इकलौता बेटा था शेखर सिर में गंभीर चोट होने के कारण शेखर पिछले 2 महीने से वेंटिलेटर के सहारे ही सांसें ले पा रहा था। मंगलवार रात उसने इलाज को दौरान दम तोड़ दिया। शेखर माता- पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें भी हैं। वहीं शेखर पानीपत के ही एक स्कूल में 9वीं का छात्र था।

#### घटना पर क्या बोले पानीपत एसपी

पानीपत के एसपी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि 307 का केस दर्ज किया गया है। अब तक 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब शेखर की मौत के बाद उन्हें दोबारा रिमांड पर लिया जाएगा। अब फिर परिवार की शिकायत दर्ज की जा रही है। केस को सीआईए को ट्रांसफर किया गया है। परिवार का कहना है कि इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर ने बदतमीजी की थी, उसे भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## जेई को धमकी देने के विरोध में इंजीनियरों ने दिया धरना, एफआईआर की मांग




- कोहंड में ठेकेदार पर फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

कोहंड गांव में सीवर कार्य के दौरान एक कनिष्ठ अभियंता को कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मॉडल टाउन स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय के बाहर धरना देकर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कोहंड गांव में हाउस सीवर कनेक्शन एवं इंस्पेक्शन चैंबर निर्माण का कार्य चल रहा है। आरोप है कि 19 जून को एक ठेकेदार ने कनिष्ठ अभियंता संजीव कुमार को फोन कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर इंजीनियरों में रोष व्याप्त है।

एसोसिएशन ने कहा कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार, धमकी या दुर्व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन अपने सदस्यों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पदाधिकारियों ने विभाग से मामले का तत्काल संज्ञान लेने और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

धरने में जिला प्रधान सुनील कटारिया, जिला सचिव श्रीभगवान, रणबीर शर्मा, विनोद, गौरव, राकेश, वीरेंद्र राणा, संजीव, राकेश गौतम, बलजीत शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### रंगदारी मामले के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रंगदारी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने रंगदारी मांगने के आरोपी संदीप कुमार वासी पलवल जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 जून 26 को थाना कृष्णा गेट पुलिस दी अपनी शिकायत में शहर वासी एक व्यक्ति ने बताया कि 19 जून को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई जिसे वह उठा नहीं सका। उसके बाद थोड़ी देर बाद उसने वपस उसी नंबर पर कॉल किया तो उसने 50 लाख रुपए की मांगा की। उसके बाद उसके मोबाइल पर कई बार कॉल आई और पैसे मांगे तथा पैसे न देने पर परिवार को देख लेने की धमकी दी। उसके बाद उसकी पत्नी के मोबाइल पर भी कॉल और मेसेज आया। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई थी। अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह, मुख्य सिपाही दिनेश, सिपाही अमित व राहुल की टीम ने रंगदारी मामले के आरोपी संदीप कुमार वासी पलवल जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से जगाधरी हाईवे पर यातायात हुआ प्रभावित

- रोज हाईवे पर लग रहा है जाम, वाहन चालक बेहद परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से अंबाला-जगाधरी राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। राजमार्ग पर लगे ट्रैफिक सिग्नल शोपीस बनकर रह गए हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ये ट्रैफिक सिग्नल विशेष रूप से दोपहर और शाम के समय काम करना बंद कर देते हैं। को दोपहर में लाइटें बंद होने की वजह से चौराहों पर हर तरफ से वाहन फंसे दिखाई दिए। ऐसे हालात हादसे का कारण बनते हैं।

#### बंद सिग्नलों से बढ़ा हादसों और जाम का खतरा, टांगरी चौक सबसे अधिक प्रभावित

यातायात एसएचओ जोगिंदर सिंह ने बताया कि लाइटों की समस्या को ठीक कराया जा रहा है। इनका पालन भी कराया जाएगा। अंबाला जगाधरी राजमार्ग पर दिनभर डंपर गुजरते रहते हैं। सिग्नल व्यवस्था ठप होने से यह डंपर तेज गति से शहर में प्रवेश करते हैं। खासकर एसडी विद्या स्कूल के सामने काफी तेज रफ्तार से जाते हैं। इस दौरान कभी भी हादसा हो सकता है। इसके साथ ही आंतरिक सड़कों पर जाम के हालात भी बन जाते हैं। वहीं पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों की जान भी जोखिम में है।राजमार्ग पर टांगरी नदी के पास लगाए गए सिग्नल पर इस समय सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। यहां टांगरी बांध की तरफ से आने वाला भारी ट्रैफिक सीधे राजमार्ग के यातायात से टकराता है। सिग्नल न चलने के कारण बांध की ओर से आने वाले वाहन राजमार्ग के ट्रैफिक में व्यवधान पैदा कर रहे हैं, जिससे यहां पल-पल पर लंबा जाम लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां टांगरी की तरफ से आने वाले लोगों को कभी लाइट ठीक मिलती है तो वह इतनी लंबी होती है कि गर्मी में इंतजार करना मुश्किल हो जाता है।

## कबूतर उड़ा रहे दो किशोर करंट से झुलसे, चंडीगढ़ रेफर

**अंबाला।** बोह गांव में छतों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर दो किशोर झुलस गए। करंट का झटका लगते ही कार्तिक व कुणाल दूर जाकर गिरे। आवाज सुनकर जैसे ही कुणाल की मां साक्षी छत पर पहुंचीं तो कार्तिक के कपड़ों में आग लगी थी। उसे बुझाते समय साक्षी की भी उंगलियां झुलस गईं। पुलिस की गाड़ी में दोनों किशोर को उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां से उन्हें चंडीगढ़ जीएमसीएच-32 रेफर कर दिया।घायल कुणाल की मां साक्षी ने बताया कि उनका बेटा कुणाल छठी कक्षा का छात्र है और उसे कबूतर पालने का शौक है। घर की छत पर कुणाल ने चार से पांच कबूतर पाल रखे हैं। रोजाना की तरह वह अपने पड़ोस में रहने वाले कार्तिक के संग छत पर खेल रहा था। कबूतर को उड़ाने के लिए लोहे की पाइप संग लगी छतरी को हिला रहे थे कि अचानक वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही दोनों झुलसकर एक हमारी छत को दूसरा पड़ोसी की छत पर गिर गया था।

## कुपोषण पर निर्णायक प्रहार, बच्चों के लिए विशेष पोषण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

- थेरेप्यूटिक फीडिंग से कुपोषित बच्चों का होगा उपचार

जिले में कुपोषण से लडऩे के लिए मध्यम तीव्र कुपोषण और गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु थेरेप्यूटिक फीडिंग आधारित पायलट परियोजना शुरू की गई है। राज्य सहायता मिशन हरियाणा द्वारा एसजेएचआईएफएम के माध्यम से संचालित इस कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल में विशेष स्क्रीनिंग शिविर लगाकर कुपोषित बच्चों की पहचान और स्वास्थ्य जांच की गई। परियोजना का संचालन सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल में आंगनवाड़ी केंद्रों, नागरिक अस्पताल और पोषण पुनर्वास केंद्र के बीच समन्वय मजबूत किया गया है। एनआरसी में बच्चों को एफ. 75 और एफ. 100 जैसे विशेष थेरेप्यूटिक आहार दिए जा रहे हैं तथा उनकी नियमित चिकित्सकीय निगरानी की जा रही है। राज्य सहायता मिशन की टीम, स्वास्थ्यकर्मी और गीता विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। परियोजना का उद्देश्य कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार, तीव्र कुपोषण के बोझ को कम करना और बच्चों को बेहतर पोषण व सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है।



**पानीपत।** बच्चों की स्क्रीनिंग करते कर्मचारी ।

## सात साल बाद केयू में 3600 रुपये ग्रेड-पे फाइल ने पकड़ी रफ्तार

- 180 कर्मचारियों के पे-फिक्सेशन चार्ट ऑडिट ब्रांच को भेजे गए, हाईकोर्ट सुनवाई से पहले बढ़ी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) में पिछले सात वर्षों से लंबित पड़े 3600 रुपये ग्रेड-पे मामले में आखिरकार महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पहली बार इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए 180 याचिकाकर्ता कर्मचारियों के पे-फिक्सेशन चार्ट तैयार कर उन्हें ऑडिट ब्रांच को सत्यापन के लिए भेज दिया गया है। याचिकाकतार्ओं के प्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा ने बताया कि 18 मई 2026 को कुलपति के साथ हुई बैठक के बाद यह कार्रवाई संभव हो सकी। कुलपति के निदेर्शों के अनुरूप विश्वविद्यालय की स्थापना शाखा ने माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 15 जुलाई 2019 के आदेश के अनुसार पे-फिक्सेशन चार्ट तैयार किए हैं। इन चार्टों में 1 जनवरी 2006 से सहायकों को 4000 रुपये तथा अधीक्षकों को 4800/5400 रुपये मॉडिफाइड ग्रेड-पे का लाभ शामिल किया गया है।



अकाउंट्स ब्रांच द्वारा जांच पूरी करने के बाद 23 जून 2026 की शाम को ये दस्तावेज अंतिम सत्यापन हेतु ऑडिट ब्रांच को भेज दिए गए। गौरतलब है कि इस मामले से जुड़ी अवमानना याचिका की अगली सुनवाई 8 जुलाई 2026 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में निर्धारित है। ऐसे में कर्मचारियों को उम्मीद है कि ऑडिट ब्रांच समयबद्ध तरीके से सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेगी, जिससे वर्षों से लंबित एरियर भुगतान का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। इस बीच, मार्च 2015 में दायर 3600 रुपये ग्रेड-पे बहाली याचिका में शामिल न रहे 389 अन्य प्रभावित कर्मचारियों को भी लाभ दिलाने की मांग तेज हो गई है। कर्मचारियों के अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने 20 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय प्रशासन को कानूनी नोटिस भेज कर सभी पात्र कर्मचारियों को समान लाभ प्रदान करने की मांग की है। दविंदर सचदेवा तथा सेवानिवृत्त अधीक्षक राम सरूप नरकतारी ने कुलपति से आग्रह किया है कि कार्यरत एवं सेवानिवृत्त सभी प्रभावित कर्मचारियों को 3600 रुपये ग्रेड-पे का लाभ देकर हाईकोर्ट के आदेशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

### श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी महाराज के श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ शुरू हुआ समागम

# गुरुद्वारा पातशाही छठी में धार्मिक समागम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में धन धन साहिब श्रीगुरु हरगोबिन्द साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव को समर्पित सात दिवसीय धार्मिक समागम का बुधवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। समागम की शुरूआत धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के आरंभ के साथ हुई। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, बीबी जसबीर कौर मसाना, हरमनप्रीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, बीबी करतार कौर, सुखजिंदर सिंह मसाना सहित बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी भरकर गुरु चरणों में शीश नवाया। संगत ने सरबत के भले की अरदास करते हुए चौर साहिब की सेवा भी की। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु इस समागम में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि संगत की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। बीबी जसबीर कौर मसाना ने बताया कि 29 जून को प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन सजाया जाएगा, जिसकी अगुवाई पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे करेंगे। वहीं इंद्रजीत सिंह ने बताया कि समागम के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।



**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के दौरान पाठ करते पाठी सिंह।

#### मीरी-पीरी संस्थान के स्टाफ की सैलरी में आई दिक्कत

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि शाहाबाद स्थित मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में कुछ अड़चनें आने के कारण डॉक्टरों, कर्मचारियों और अन्य स्टाफ को वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से अपील की कि जब तक यह अड़चन दूर नहीं हो जाती, तब तक वह संस्थान के डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन जारी रखे। उन्होंने कहा कि जैसे ही समस्या का समाधान होगा, एचएसजीएमसी संस्थान के डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन देना शुरू कर देगी।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का विस्तार



**करनाल।** अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई का विस्तार करते हुए विकास अग्रवाल को करनाल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही गौरव मित्तल को जिला महासचिव तथा अमित गर्ग को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद विकास अग्रवाल ने समाज की प्रदेश नेतृत्व टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़कर सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



करनाल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा सेक्टर-12 में आयोजित योग प्रोटोकॉल शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में केनरा बैंक के डीजीएम राजेंद्र सिंह सिंघल, अजय कुमार सिंह, डी.वी.के. फनेंद्र कुमार तथा डीएम मंजू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन के दौरान योग स्लोगन, योग आसन और योग पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं सोनिया, शीनम, सुदेश कंबोज, मीनाक्षी, निर्मल, अश्मित, अक्की अरोड़ा, नितिन और रुची अनेजा को सम्मानित किया गया।

### स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने का फैसला सराहनीय

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा सरकार द्वारा एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए लिए गए नए निर्णय का स्वागत करते हुए इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी दिशा में एनसीआर जिलों में बीएस-वीआई, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को बढ़ावा देने के लिए मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में बड़ी छूट देने का निर्णय लिया गया है।

### कुवि में गुरु गोबिंद सिंह चेयर के लिए समिति गठित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विश्वविद्यालय में स्थापित गुरु गोबिंद सिंह चेयर के कार्यों की देखरेख के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह चेयर ईसी के प्रस्ताव के तहत स्थापित की गई थी, जिसके कार्यभार को सुचारू रूप से चलाने के लिए अब इस नई समिति को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मांगों पर सकारात्मक विचार का मिला आश्वासन

# कर्मचारियों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर को सौंपा मांगपत्र

- समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| करनाल

एचएसएमआईटीसी के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने विभागीय समस्याओं और लंबित मांगों के समाधान की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री का गुलदस्ता, शॉल, पगड़ी और फूलमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।

मनोहर लाल ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उन्हें लिखित रूप में प्राप्त मांगपत्र का गंभीरता से अध्ययन किया जाएगा और मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों के समाधान के लिए आवश्यक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने वार्ता को संतोषजनक बताते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। प्रतिनिधियों ने मांगपत्र को आगे बढ़ाने और कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में सहयोग करने वाले साथियों का भी आभार व्यक्त किया।



**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को मांगपत्र सौंपते एवं उनका सम्मान करते एचएसएमआईटीसी कर्मचारी प्रतिनिधि।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक खट्टर, कालूराम, राजबीर सिंह, करण सिंह, दशरथ सिंह, जयमल सिंह, जब्बर सिंह, हरजीत सिंह राठौर, बसंत सिंह सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्यूबवेल ऑपरेटर संगठन का विस्तार मूनक ब्लॉक की नई कार्यकारिणी गठित

- एक जुलाई के प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान, जॉब सुरक्षा प्रमुख मुद्दा

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| करनाल

पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन के मूनक ब्लॉक का अधिवेशन जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, कर्मचारियों की मांगों और नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई।

अधिवेशन के दौरान ऑपरेटरों को भारतीय मजदूर संघ की कार्यप्रणाली और विचारधारा से अवगत कराया गया। सर्वसम्मति से अश्विनी शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा गुरबाज सिंह और सोहनलाल को उपाध्यक्ष, घनश्याम को ब्लॉक सचिव, मित्रेशेन और हरिओम कुमार को सह सचिव तथा प्रदीप को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रिंकू को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि बलविंदर सिंह, विशाल, हरदीप और अजीत कुमार को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया। जिला प्रधान ओंकार सिंह ने कहा कि पूरे जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा और कर्मचारियों की लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को भारतीय मजदूर संघ से जुड़े विभिन्न संगठन जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे, जिसमें जॉब सिक्योरिटी की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी।



# बुजुर्गों के अनुभव बनेंगे डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा

- इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने 1947 के विस्थापन और पुनर्वास की कहानियां की रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| नीलोखेड़ी\करनाल

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने शहर का भ्रमण कर विभाजन के दौरान नीलोखेड़ी में आकर बसे वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 1947 के भारत विभाजन के समय की पीड़ा, विस्थापन, पुनर्वास और नए जीवन की शुरुआत से जुड़े अनुभवों को विस्तार से जाना। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और दयाल सिंह कॉलेज, करनाल से आए विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साक्षात्कार रिकॉर्ड किए तथा उनकी जीवन यात्रा को दस्तावेजी स्वरूप देने का कार्य किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी मिली कि विभाजन के समय लाखों परिवारों को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा और अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। साथ ही नीलोखेड़ी को शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए एक आदर्श बस्ती के रूप में विकसित किए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से भी उन्हें अवगत कराया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि नीलोखेड़ी संघर्ष, पुनर्निर्माण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी का प्रतीक है। नई पीढ़ी को इतिहास और उन लोगों के संघर्षों से परिचित कराना आवश्यक है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में यहां नया जीवन स्थापित किया। इन साक्षात्कारों और ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर एक डॉक्यूमेंट्री तैयार की जा रही है, जिसका प्रदर्शन जुलाई में आयोजित होने वाले /"नीलोखेड़ी उत्सव/" में किया जाएगा।

# एसआईआर अभियान में भाग लें नागरिक : आनंद

- जिला प्रशासन एवं बीएलओ टीम के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने एसआईआर-2026 अभियान के तहत सेक्टर-13 स्थित अपने कैंप कार्यालय में बीएलओ की उपस्थिति में गणना प्रपत्र भरकर आवश्यक दस्तावेज जमा किए और अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। एसआईआर अभियान के तहत किसी भी वैध मतदाता का नाम नहीं काटा जा रहा, बल्कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और डुप्लीकेट व दोहरी प्रविष्टियों को हटाना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बन सके। उन्होंने कहा कि जिन पात्र नागरिकों ने अभी तक अपना वोटर पहचान पत्र नहीं बनवाया है, वे अपने बीएलओ अथवा निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर जल्द से जल्द पंजीकरण करवाएं। जब भी बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाने के लिए घर या प्रतिष्ठान पर पहुंचे तो नागरिक उन्हें पूरा सहयोग दें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। यह जानकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा भविष्य की व्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेगी। उन्होंने जिला प्रशासन एवं बीएलओ टीम के कार्यों की सराहना करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

# खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर गूंजेंगे भजनों के स्वर

- भव्य श्याम संकीर्तन में देशभर के भजन गायक देंगे प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| करनाल

पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर 25 जून को विशाल एवं भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं।

मंदिर के प्रधान देसराज गुप्ता ने प्रेसवार्ता में बताया कि संकीर्तन के लिए मंदिर के साथ लगते मैदान में विशाल पांडाल सजाया जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालु एक साथ बैठकर श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। संकीर्तन में करनाल के स्थानीय कलाकारों के साथ कोलकाता के प्रकाश मिश्रा, प्रिंस बजाज और श्वेता अग्रवाल भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रेसवार्ता में अनिल गर्ग, महेंद्र गुप्ता, रामकर्ण गोयल, कमल शुक्ला, प्रवीण गोयल, विवेक गुप्ता, दीपक मित्तल, आकाश गुप्ता, पवन गुप्ता, कृष्ण गुप्ता और पंकिल गोयल मौजूद रहे। देसराज गुप्ता ने बताया कि चार वर्ष पूर्व मंदिर की स्थापना के समय सप्ताहभर चले धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी।



## सेवा, पूजा-अर्चना और जनसेवा के संकल्प के साथ मनाया जन्मदिन

# विधायक कबीरपंथी ने जन्मदिन पर लगाया भंडारा

- नुक्कड़

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| तरावड़ी

तरावड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने बुधवार को अपना जन्मदिन सेवा, पूजा-अर्चना और जनसेवा के संकल्प के साथ सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्थित शक्तिपीठ मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और अमन-शांति व क्षेत्र की खुशहाली के लिए हवन-यज्ञ किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।



**करनाल।** बाला सुन्दरी मन्दिर मे विधायक भगवानदास पूजा अर्चना व भंडारा प्रसाद वितरित करते हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक भगवान दास कबीरपंथी के साथ भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। भंडारे में उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे आयोजन का माहौल भक्ति और सेवा भाव से ओत-प्रोत नजर आया।

इस मौके पर नीलोखेड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष सतनाम, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, उद्योगपति यश सलूजा, नरेश अरोड़ा, अमित कुमार, सतीश कुमार, देवेन्द्र कामरा, प्रवीण गुप्ता, पंकज गुप्ता, उमेश शर्मा, रंजीत भारद्वाज, पवन कुमार, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा,आत्म प्रकाश, सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। इनके अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विधायक को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा करवाया। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने इस अवसर पर कहा कि वे अपने जन्मदिन को हर वर्ष सेवा और समाज के कल्याण के कार्यों के लिए समर्पित करते हैं।

### फर्जी एफडीआर से जमानत दिलाने का आरोप, वकील पर केस

**करनाल।** करनाल में जमानत प्रक्रिया के दौरान फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के गंभीर मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि अदालत में जमानत के लिए जमा कराई गई तीन एफडीआर में से दो फर्जी पाई गईं, जबकि तीसरी एफडीआर को नियमों के विपरीत समय से पहले तुड़वा लिया गया।

थाना सिविल लाइन में कोर्ट के रीडर रजनीत राठौर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायत अदालत के आदेश पर भेजी गई थी। जांच में सामने आया कि थाना सदर करनाल में दर्ज एक एनडीपीएस मामले में आरोपी विजय कुमार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से 12 नवंबर 2025 को जमानत मिली थी। अदालत ने जमानत के लिए तीन लाख रुपये की एफडीआर जमा कराने की शर्त लगाई थी।

## न्यूज़ डायरी

### आमने-सामने की बाइक टक्कर में युवक की मौत



**इंद्री/करनाल।** इंद्री-गढ़ी बीरबल रोड पर गांव खेड़ा के निकट बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 व थाना इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान वार्ड नंबर-13 इंद्री निवासी 25 वर्षीय अलाहदीन के रूप में हुई है। बताया गया है कि अलाहदीन अपने एक साथी के साथ इंद्री से गढ़ी बीरबल की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से मूसेपुर निवासी 28 वर्षीय वीरेंद्र और 17 वर्षीय आर्यन दूसरी बाइक पर आ रहे थे। गांव खेड़ा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर दूर-दूर जा गिरे। हादसे में दोनों मोटरसाइकिलें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को पहले इंद्री के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अलाहदीन को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें करनाल के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। ईआरवी कर्मी सुशील ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### माउंट यूनाम फतह कर प्रोफेसर ने बढ़ाया मान



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के पर्यटन विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रवीण जयहिंद ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल क्षेत्र स्थित 6111 मीटर ऊंचे माउंट यूनाम पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उच्च हिमालयी क्षेत्र की इस चुनौतीपूर्ण चोटी तक पहुंचने के दौरान उन्होंने अत्यधिक ठंड, बर्फीले ढलानों और कम ऑक्सीजन जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना किया। शिखर पर पहुंचकर उन्होंने तिरंगा फहराया और अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. प्रवीण जयहिंद ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए उन्होंने लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक तैयारी की तथा पर्वतारोहण से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण केवल साहसिक खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से साहसिक पर्यटन और प्रकृति आधारित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उनके अनुसार ट्रेकिंग, पर्वतारोहण, स्कीइंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियां युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करती हैं तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस और प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने डॉ. प्रवीण जयहिंद को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह दृढ़ संकल्प व निरंतर प्रयास की मिसाल प्रस्तुत करती है।

### शिविर में दिया योग और संस्कृति संरक्षण का संदेश



**इंद्री।** इंद्री हलके के गांव मुरादगढ़ में पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी सोम अरोड़ा, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए डॉ. संजय तथा महिला पतंजलि योग समिति इंद्री की तहसील प्रभारी नीलम रानी मुख्य रूप से पहुंचे। इस दौरान योग साधकों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, अग्निसार जैसी योगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। साथ ही ताड़ासन, सुखासन, वज्रासन, भुजंगासन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान एक विशाल हवन-यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी योग साधकों ने आहुति डालते हुए भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। साधकों ने प्रतिज्ञा की कि वे अपनी प्राचीन संस्कृति और योग परंपरा को अपनाकर न केवल स्वयं को स्वस्थ रखेंगे, बल्कि समाज को भी स्वस्थ बनाने में योगदान देंगे। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी सोम अरोड़ा ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में तीन स्थानों पर योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां सैकड़ों की संख्या में योग साधक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद साधकों को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में योग गुरु बाबा रामदेव के सानिध्य में आगे का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए डॉ. संजय ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण लोग अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, जिसका परिणाम विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने लोगों से योग और भारतीय संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया।

### माइंडफुलनेस से बढ़ता है आत्मविश्वास : डॉ. कमल

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन 'वर्तमान में प्रसन्नचित रहना (माइंडफुलनेस) और मानसिक स्वास्थ्य लाभ' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें डॉ. कमल कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर (पर्यटन) ने प्रतिभागियों को माइंडफुलनेस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि माइंडफुलनेस की स्थिति में रहने से व्यक्ति मानसिक रूप से अधिक सशक्त और ऊर्जावान बनता है। शिविर के दौरान समूह चर्चा, डीप ब्रीदिंग अभ्यास, विजुअलाइजेशन तथा नकारात्मक स्मृतियों से बचाव संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेश सचदेवा ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक उपयोग कर कौशल विकास और लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी-सह-प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने शिविर में पहुंचे अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाते हैं। शिविर के चौथे दिन सिविल अस्पताल करनाल की टीम द्वारा नशा मुक्ति एवं सशक्त मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। कैंप के समन्वयक प्रो. (डॉ.) राजेश मेहरा ने प्रतिभागियों को आगामी सत्रों में अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में डॉ. निधि शर्मा, डॉ. विजय कुमार, काउंसलर, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षक एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### मां जगदम्बा की स्मृति में उमड़ा श्रद्धा का सागर

**तरावड़ी।** तरावड़ी स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में माँ जगदम्बा सरस्वती की पावन स्मृति में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माँ जगदम्बा के दिव्य जीवन से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम शांति के मधुर उच्चारण एवं राजयोग मेडिटेशन के साथ हुआ। उपस्थित सभी भाई-बहनों ने कुछ समय के लिए स्वयं को आत्मा समझ परमपिता परमात्मा शिव की याद में बैठकर शांति, सुख और शक्ति का अनुभव किया। वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक संकल्पों से भर गया। इस अवसर पर केंद्र संचालिका बीके सुदेश बहन ने माँ जगदम्बा के त्याग, तपस्या, सादगी और आध्यात्मिक नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन मानवता के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि माँ जगदम्बा ने अपने श्रेष्ठ संस्कारों और ईश्वरीय सेवाओं के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। बीके इंदु बहन, बीके रीना बहन तथा बीके रेणु बहन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ जगदम्बा का जीवन हमें आत्मिक जागरूकता, सेवा भावना और परमात्म स्मृति में रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ कर्म, मधुर व्यवहार और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### केवाईसी के नाम पर साइबर ठगों से रहें सावधान : एसपी



**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने केवाईसी अपडेट के नाम पर हो रही साइबर ठगी से बचाव के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। एसपी भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि साइबर ठग बैंक अधिकारी बनकर कॉल, मैसेज या ई.मेल के माध्यम से लोगों से बैंक डिटेल, ओटीपी, यूपीआई पिन जैसी गोपनीय जानकारी हासिल कर खाते से रकम निकाल लेते हैं। उन्होंने लोगों से बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा केवाईसी केवल बैंक जाकर अपडेट कराने की अपील की। ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन, साइबर पोर्टल तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

### नहर में नहाते समय युवक लापता, तलाश जारी

पानीपत। उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी 24 वर्षीय साहिल पानीपत की गढ़ी सिकंदरपुर नहर में नहाते समय लापता हो गया। वह अपने तीन दोस्तों के साथ नहर में स्नान करने गया था। साथियों के अनुसार नहाते समय वह अचानक गायब हो गया और उसके डूबने की आशंका है। घटना की सूचना मिलने पर साहिल का भाई चरणजीत उत्तर प्रदेश से पानीपत पहुंचा। परिवार ने पुलिस से नहर में सघन तलाश और उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



### गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व 30 को

**पानीपत।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब मॉडल टाउन में 30 जून को छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का 431वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने बताया कि कार्यक्रम में श्री सुखमणी साहिब पाठए गुरु इतिहास पर कथा.विचार तथा भाई गुरमुख सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन होगा। अंत में अरदास के उपरांत मिस्सी रोटी, दही, लस्सी व माखन का लंगर वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर शाम सिंह, पवन कुमार, नरेंद्र कुच्छल, जीवन सिंह, अमनदीप, संजय मल्होत्रा व अमित छाबड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

### पति समेत 3 पर दहेज उत्पीड़न में केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, दो मासूम बेटियों को छीनने और घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने पति, जेठ और जेठानी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज लाने के ताने देता था और सोने की चेन, अंगूठी, फ्रिज व एलसीडी की मांग करता था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : रणबीर

## 1975 में कांग्रेस की तानाशाही वाली मानसिकता आई पूरे देश के सामने

**कैबिनेट मंत्री व जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष रणबीर गंगवा ने की प्रेसवार्ता**



पानीत। पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। पत्रकारों से बातचीत करते डा.रफल सिंह कश्यप। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा में कैबिनेट मंत्री एवं जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष रणबीर गंगवा ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था। सत्ता बचाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संविधान की मूल भावना को कुचलते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया और करोड़ों नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए।

रणबीर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और विचारकों को जेलों में डाल दिया। प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई और अखबारों पर सेंसरशिप लगा दी गई। देश की जनता भय और दमन के माहौल में जीने को मजबूर हो गई थी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने जेलों में रहकर संघर्ष किया और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय समर्पित किया। उनका त्याग और बलिदान आज भी देशवासियों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। भारतीय जनता पार्टी उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन करती है जिन्होंने देश में लोकतंत्र की पुनरस्थापना के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव गांव और बूथ स्तर तक जाकर आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों और लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष की जानकारी जन जन तक पहुंचाएंगे। इससे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी सभी पत्रकारों का स्वागत किया और शहरी विधायक प्रमोद विज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, धर्मपाल जागलान, सुनील कंसल, सुमित जागलान, रेखा गोयल, संजय त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, अमित पावटी, भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा हल्दाना और नरेश बेनीवाल आदि उपस्थित रहे।

### आपातकाल भारत की आत्मा पर हमला : दुष्यंत

भारत केंद्र सरकार संविधान की भावना के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता आपातकाल की सच्चाई को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं ताकि भविष्य में कोई भी सरकार लोकतंत्र के साथ ऐसा खिलवाड़ करने का साहस न कर सके। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर किया गया हमला था। कांग्रेस ने सत्ता के अहंकार में देशवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया।

### डा.अर्चना गुप्ता का अभिनंदन समारोह 28 को

**पानीपत।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता का अभिनंदन समारोह 28 जून को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विशिष्ठ अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप व मेयर कोमल सैनी, विधायक प्रमोद विज, मन मोहन भड़ाना, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट रहेंगे। आगामी 28 जून को जीटी रोड स्थित रोड़ धर्मशाला में प्रातः10 बजे पिछड़ा वर्ग की ओर से आयोजित स्वागत समारोह को लेकर समारोह के संयोजक एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रफ ल सिंह कश्यप ने आज पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह को लेकर जिला के गांवों व कालोनियों में निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान लोगों में समारोह को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। पत्रकार वार्ता में रामेश्वर गुर्जर, खडक सिंह कश्यप, कैलाश पाल, ब्रहमपाल जोगी, अत्तर सिंह प्रजापत, जितेंद्र सैन, महीपाल कश्यप व राधेश्याम एडवोकेट आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। रफल सिंह कश्यप ने मीडिया के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लेने की अपील की।



पानीपत। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनता की समस्याएं सुनते मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

# 13 शिकायतों में से सात का मौके पर निपटारा

■ न्याय में देरी नहीं, हर शिकायत का होगा निष्पक्ष समाधान : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग भवन एवं सडक़ें तथा श्रम मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और जन शिकायतों का समाधान पूरी पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ किया जाएगा। मंत्री गंगवा आज जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 13 शिकायतों की सुनवाई की गई। जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया, जबकि 6 मामलों को अगली बैठक तक लंबित रखा गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंत्री का स्वागत किया। कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, बैंकिंग मामलों, भूमि एवं प्रॉपर्टी विवाद, पुलिस मामलों, शिक्षा विभाग से संबंधित बकाया भुगतान तथा बिजली कनेक्शन संबंधी शिकायतों पर विस्तार से सुनवाई की गई। कई मामलों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद समाधान किया गया, जबकि कुछ मामलों में अतिरिक्त जांच और कार्रवाई के लिए समय दिया गया। मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर पात्र व्यक्तियों को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने आश्वस्त किया कि लंबित मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर उनका शीघ्र निपटारा कराया जाएगा। बैठक में विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, , एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम नवदीप, जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा, सीएमओ डॉ.विजय मलिक आदि रहे।

# श्री वृंदावन धाम के लिए बस रवाना

■ सनातनी के लिए धार्मिक यात्राएं करना आवश्यक : ईसम पांचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। वृंदावन के लिए बस को रवाना करते अतिथि व आयोजक ।

बरसत रोड स्थित बिचपड़ी चौक से आज श्री वृंदावन धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को पूजा अर्चना कर रवाना किया गया। जिसमें पंडित हेमंत शुक्ला ने मंत्रोच्चारण कर बस का शुभारंभ किया। श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, प्रधान रोहतास पांचाल, पूर्व प्रधान ईसम कुमार पांचाल, श्री मां शाकुंभरी देवी सेवा मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल ने नारियल तोडक़र बस को रवाना किया। बस यात्रा के संचालक अमित पांचाल, विक्रम पांचाल, जयकुमार पांचाल,बताया कि यह बस कोकिला वन, शनि मंदिर,नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन, मथुरा, श्री कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन, प्रेम मंदिर, माता वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जायेंगे। इस अवसर पर डा.इंद्रपाल पांचाल, बबलु पांचाल, सुरेश पांचाल, विजयपाल पांचाल, राजकुमार पांचाल, अमित पांचाल टिंकू, ईसम पांचाल हलवाई, जगमोहन, गौरव कश्यप, सोनू पांचाल, मोहन लाल व जितेंद्र पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं बस रवाना करते हुए श्री



पानीपत। प्रधान अशोक शर्मा का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### हरी नगर परशुराम धर्मशाला के प्रधान बने अशोक शर्मा

पानीपत। हरी नगर स्थित परशुराम धर्मशाला में आयोजित बैठक में अशोक शर्मा को सर्वसम्मति से धर्मशाला का नया प्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके नाम पर सहमति जताई। इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए समाजजनों का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रधान अशोक शर्मा ने समाज द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाते हुए धर्मशाला के विकास, रखरखाव और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा, जगदीश शर्मा, ईश्वर शर्मा, डा.सुरेश, डा.उमेश, राजपाल शर्मा, विजेंद्र कौशिक, वजीर सिंह, नारायण दत्त फौजी, सुशील शर्मा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, रविंद्र शर्मा, प्रेम शर्मा, मनोज शर्मा, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, अनिल मास्टर, सतीश शर्मा, प्रदीप शर्मा तथा कपिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** सेक्टर 25 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर आज ब्रह्माकुमारी संस्था की पहली मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेक्टर 25 सेंटर इंचार्ज बीके अंजना ने मातेश्वरी के जीवन चरित्र के बारे में इस प्रकार बताया की अविभाजित भारत में सन-1919 में अमृतसर के एक सामान्य परिवार में जन्म लिया। मम्मा का लौकिक नाम ओम राधे था। मातेश्वरी के ओम ध्वनि में इतना शक्तिशाली प्रवाह होता था की ओम की धूनी लगाते ही पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी। इनकी लौकिक माता से लेकर बच्चे, बूढ़े सभी मम्मा के नाम से पुकारते थे।

# जिला टॉपर वंशिका को दिए 51 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बपौली

गांव गोयला खेड़ा में 12वीं कक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका रावल पुत्री ऋ षिपाल रावल के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण खेड़ा ने की जबकि समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदीप बिहोली, सुरेश आर्य, जोगिंद्र रावल और अधिवक्ता रत्नसिंह रावल शामिल रहे। विधायक मनमोहन भड़ाना ने वंशिका को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने का संकल्प रखते हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। समारोह में वंशिका को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट किए गए। विधायक ने छात्रा को 51 हजार, अधिवक्ता रत्नसिंह रावल ने 21 हजार तथा गुर्जर सभा पानीपत ने 11 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। साथ ही गुर्जर सभा ने वंशिका की आगामी 5 वर्षों की शिक्षा का खर्च उठाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर अधिवक्ता रत्नसिंह रावल ने विधायक से सनौली खुर्द यमुना पुल पर यमुना-गंगा संगम स्थल विकसित कराने की मांग भी उठाई।





पानीपत। छात्रा वंशिका को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# राहुल गांधी लड़ रहे छात्रों की लड़ाई

■ कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य, रोजगार के अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सडक़ से सदन तक करेगी संघर्ष : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत करते रमेश मलिक व अन्य।

जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण द्वारा आज सेक्टर 25 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा युवाओं की शिक्षा, रोजगार और हक की लड़ाई को लेकर शुरू किए गए देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रमेश मलिक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और शिक्षा व्यवस्था की अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। लाखों विद्यार्थी वर्षों तक मेहनत करते हैं। लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था उनकी उम्मीदों को तोडऩे का कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, खुशीराम जागलान, धर्मबीर मलिक, कंवर सिंह छोक्कर, दीपक खटकड़, बलवान वाल्मीकि, जगदीश जांगड़ा, राजेंद्र शर्मा, जयकुमार बिंदल, डीपी ग्रोवर, फुरकान नरवाल, सप्टर अली, सुभाष तंवर, राजबीर नारा, जसबीर पन्नू, डॉ. जगबीर, सुरेंद्र गौड़, नारायण दत्त शर्मा, कोकी धीमान तथा अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूटी सवार दो छात्रों को ट्राले ने मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

इसराना में पानीपत रोहतक नेशनल हाईवे के सर्विस लाईन पर अपनी स्कूटी पर अपनी मौसी के लडक़े के साथ इसराना के पावर हाऊस में स्थित अपने क्वार्टर पर जा रहे थे। जब वह इसराना पावर हाऊस के सामने हेड़ी बस्ती के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्राला ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे यश पुत्र प्रवीन ओर रोनित गांव नजफगढ़ दिल्ली को टक्कर मार दी। जिसमें यश पुत्र प्रवीन को मृत घोषित कर दिया मृतक के पिता प्रवीन पुत्र जीत सिंह गांव जौनधन खुर्द की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। ट्राला चालक फरार है। जानकारी के अनुसार इसराना की गीता कालोनी वासी प्रवीन पुत्र जीत परिवार सहित रहता है। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे यश ओर रोनित स्कूटी लेकर अपने पुराने क्वार्टर पावर हाऊस इसराना में जा रहे थे। पीछे से स्कूटी को ट्राला ने टक्कर मारी। जिसमें यश 15 साल को इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं रोनित नजफगढ़ दिल्ली को गंभीर चोट आईं हैं। इसराना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# एसआईआर में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी जिम्मेदरों पर होगा केस तक : एडीसी अंकित

■ हर बीएलओ की प्रगति पर प्रशासन की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। बैठक में एडीसी के साथ मौजूद अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो बूथ लेवल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं अथवा जिनकी कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सकती है। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एफआईआर दर्ज कराने तक की कार्रवाई शामिल है। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने आज जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है इस मौके पर पब्लिक हेल्थ के एसडीओ विरेंदर कुमार दहिया, सतबीर, कृषि विभाग से सहायक कार्यकारी अभियंता सुधीर, डीईओ नीलम कुंडू, बीडीपीओ शीतल सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आरोग्य उद्यान परियोजना के तहत मतलौडा को सीएम ने दी 4.10 करोड़ की सौगात

# महिला सांस्कृतिक केंद्र के साथ बनेगी ई- लाइब्रेरी

**युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हैं अनेक परियोजनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसराना विधानसभा के मतलौडा गांव को विकास कार्यो की बड़ी सौगात दी है। इन विकास कार्यो में मडलौडा गांव में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के साथ लगती लगभग 2 एकड़ पंचायती जमीन पर 4 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि सें इन्डोर जिम, महिला सास्कृतिक केन्द्र, आरोग्य उद्यान, ई-लाइब्रेरी तथा आधुनिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए विकास एवं पंचायत विभाग ने स्वीकृती पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में गांव के अन्दर शहरी सुविधाएं पहुचाने के सकंल्प को नई मजबूती मिल रही है।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि आरोग्य उद्यान, महिला सांस्कृतिक केंद्र, इंडोर जिम, ई-लाइब्रेरी तथा आधुनिक पार्क जैसी परियोजनाएं मतलौडा को आधुनिक ग्रामीण विकास के मॉडल गांव के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन विकास कार्यों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### आधुनिक सुविधाएं सुविधाओं से लैस होगा गांव



विकास एवं पंचायत मंत्री ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत मतलौडा गांव में आरोग्य उद्यान परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत महिला सांस्कृतिक केंद्र, इंडोर जिम तथा ई-लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 1 करोड़ 99 लाख 4 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि मतलौडा गांव में हरियाणा ग्रामीण विकास निधि (एचआरडीएफ) योजना के तहत लगभग 2 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से एक आधुनिक पार्क के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई है। पार्क के निर्माण से ग्रामीणों को स्वच्छ, हरित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध होगा। यहां बच्चों, युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ होंगे निर्माण कार्य

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों, सरकारी नियमों तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जाएंगे। परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी तथा कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित किया जाएगा। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इसराना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों का आज होगा समाधान

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता कार्यालय में 25 जून को उपरोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए 25 जून दिन वीरवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता करेंगे।

### नालों और ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने आज दूसरे दिन भी अंबाला शहर मे विभिन्न नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन ने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई, सिंचाई विभाग व नगर निगम के अंतर्गत आने वाले नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

### 31 जुलाई तक करें आवेदनः उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है।

### पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय था आपातकाल, सात लाख हुए बेघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने आपातकाल के काले अध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 1975 के आपातकाल (21 महीने) के समय में न कोई प्रेस, न कोई कार्यपालिका और न ही कोई विधानपालिका थी। उस समय एक ही कहावत थी कि "खाता न कोई बही, इंदिरा जो कहे वो सही" यानि 21 महीने काला दौर चला। पूर्व राज्यमंत्री बुधवार को अंबाला शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर अक्षिता सैनी, महामंत्री विवेक गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। इस से पूर्व उन्होंने भाजपा सदस्यों, भाजपा कार्यकर्ताओं व शहर वासियों के साथ नगर निगम अंबाला शहर परिसर में "आपातकाल के काले अध्याय" के संदर्भ में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में तस्वीरों और दस्तावेजों के जरिए साल 1975 में नागरिकों के अधिकारों के हनन और लोकतंत्र की हत्या की पूरी दास्तां को बयां किया गया। गोयल ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक लगभग 21 महीने आपातकाल का दौर चला। जिसे भारतीय लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है। देश को खतरे में कहकर तीन लाईन का आर्डर पास करते हुए आपातकाल लगा दिया गया। उन्होने बताया कि 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फ़ख़रूदीन अली अहमद ने संविधान के अनुछेद 352 के अंतर्गत आंतरिक अशांति के आधार पर देश में आपातकाल घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस समय में लगभग 7 लाख लोगों को बेघर कर दिया गया। जुलम की प्रकाष्ठा करते हुए पुरूषों की जबरन नसबंदी तक की गई। लोगों को काफी यातनाएं दी गई। इस मौके पर यह भी कहा कि इंदिरा गांधी के तानाशाही कार्यकाल का अंत भी हुआ और कांग्रेस ने जो यातनाएं आपातकाल के समय में दी थी उसका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस इतिहास को छुपाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि जिन लोगों ने आपातकाल के समय में यातानाएं झेली उसके बारे जन-जन को बताने बारे जागरूक करने की आवश्यकता है। देश को आजाद करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वालो को स्वतंत्रता सेनानी कहा गया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया गया है, पारदर्शी तरीके से सभी को पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि 1977 में जनता पार्टी की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं थी, वह भारत की जागृत जनता, संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों, लोकतंत्र के लिए संघर्ष करने वाले लाखों कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता की भावना की विजय थी। आपातकाल का अंत इस सत्य की पुनः स्थापना था कि भारत में अंतिम सत्ता किसी व्यक्ति या दल की नहीं बल्कि संविधान व जनता की है।


**अंबाला।** नगर निगम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### पंजाब में बढ़ा मुख्यमंत्री नायब सैनी का प्रभाव

पंजाब में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। कांग्रेस को नायब फोबिया हो गया है। इन्हें उनसे डर लग रहा है। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी को बराबर को मान-सम्मान देने का काम किया जाता है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में हर वर्ग का उत्थान किया जा रहा है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मेयर अक्षिता सैनी, निगम सदस्य हितेष जैन, मनीष आनंद मन्नी,विशाल राणा,बरखा सहोता,वरिंदर नाथ,राजेश मेहता,मोनिका मल,अमन सूद,आशु सैनी,अजय चावला,मुकेश कुमार,जिप चेयरमैन मक्खन सिंह,विवेक गुप्ता,संजीव गोयल टोनी, चंदमोहन फौजी भी मौजूद रहे।


**अंबाला।** प्रतियोगिता के दौरान भिड़ती खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## फुटबॉल लीग प्रतियोगिता पर केंद्रीय विद्यालय का कब्जा

- पीएम श्री केंद्रीय स्कूल नंबर 2 में आयोजित प्रतियोगिता, संभाग स्कूलों की खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में आयोजित केंद्रीय विद्यालय संगठन की बालिका वर्ग की संभाग स्तरीय फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

समापन दिवस पर खेले गए पहले मुकाबले में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 तथा केंद्रीय विद्यालय योल कैंट की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। यह मुकाबला 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मुकाबले में मेजबान विद्यालय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 तथा केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 की टीमों के मध्य कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैच शून्य की बराबरी पर समाप्त हुआ। लीग प्रतियोगिता के समापन पर केंद्रीय विद्यालय योल कैंट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 को द्वितीय स्थान। मेजबान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। समापन समारोह में विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक गौरव चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।

#### उज्ज्वल भविष्य की कामना

विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उन्हें निरंतर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में चल रहा है एसआईआर का कार्य

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला

- एचडीएफ के कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग को भेजी शिकायत, तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की

अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में चल रही विशेष मतदाता पुर्ननिरीक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक पक्षपात और सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में कार्य किए जाने के आरोपों को लेकर हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट ने चुनाव आयोग को विस्तृत शिकायत भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 24 जून को आयोजित एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्ताधारी दल से जुड़े बीएलए-1 और बीएलए-2 प्रतिनिधियों को प्राथमिकता देते हुए बैठने तथा प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। जबकि विपक्षी दल हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट के बड़ी संख्या में उपस्थित बीएलए प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रक्रिया से वंचित रखा गया। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें यह कहकर कार्यक्रम स्थल से बाहर कर दिया गया कि बाद में अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिकायतकर्ताओं के अनुसार एसडीएफ के बीएलए प्रतिनिधि एसआईआर प्रक्रिया के आरंभ से ही बूथ लेवल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके साथ कथित रूप से किया गया व्यवहार निष्पक्ष प्रक्रिया की भावना के विपरीत है। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।


**अंबाला।** शिकायत भेजते एचडीएफ के कार्यकर्ता।

## हरदीप फिल्म्स एंटरटेनमेंट यूके की प्रस्तुति फ्लैटमेट्स ने मचाया धमाल

**पंचकूला।** चौपाल एप्प पर बीते रोज 23 जून को हरदीप फ़िल्म्स एंटरटेनमेंट यूके की ताज़ा प्रस्तुति फ्लैटमेट्स ने रिलीज़ होते ही धमाल मचा दिया है। इस बाबत आज चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस नई प्रस्तुति के बारे में जानकारी देते हुए वेब सीरीज़ के निर्माता हरदीप सिंह और निर्देशिका दीप्ज कौर ने बताया कि फ्लैटमेट्स सिचुएशनल कॉमेडी वेब सीरीज है। उन्होंने वेब सीरीज की कॉस्ट एंड क्रू के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि सीरीज में नरदीप बैंस, अरूणदीप सिंह, प्रिया अरोड़ा, वर्षा डांगी, गुरजांत भंगू, राज ढालीवाल, सत्ता ढिल्लों (कुलदीप सिंह) और जोबन ढालीवाल प्रमुख भूमिकाओं में हैं जबकि सीरीज के डीओपी एमी धोट, एसोसिएट डायरेक्टर दीप भुल्लर तथा एडिटर सिनेटोन मीडिया हैं। कहानी नरदीप बैंस द्वारा लिखी गई है, जबकि स्क्रीनप्ले और संवाद बिक्रम ने तैयार किए हैं।उन्होंने बताया कि 5 एपिसोड की इस सिचुएशनल कॉमेडी वेब सीरीज की कहानी डेवी और गैवी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने फ्लैट से निकाले जाने के बाद एक महीने के लिए रिया और तारुषि के साथ एक अपार्टमेंट शेयर करना पड़ता है। झगड़ों, एडजस्टमेंट और मजेदार परिस्थितियों के बीच अजनबी दोस्त बन जाते हैं, जिससे उनका अंतिम अलविदा भावुक और यादगार बन जाता है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वेब सीरीज की पूरी टीम मीडिया से रूबरू हुई और फ्लैटमेट्स के निर्माण, कलाकारों के अनुभव तथा दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया पर अपने विचार सांझा की।




## मानसून सीजन सिर पर, नदियों की सफाई की गति बेहद धीमी

### विधायक पूजा चौधरी ने सफाई के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मानसून सीजन नज़दीक आ चुका है लेकिन क्षेत्र की नदियों और नालों की सफाई का कार्य अभी तक संतोषजनक गति से नहीं हो पाया है। बेगना नदी पर तो अभी तक खुदाई का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। जिन नदियों पर खुदाई चल रही है वह भी बहुत धीमी गति से चल रही है जिसके कारण किसानों और आम जनता में संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। विधायक पूजा नदियों की सफाई को लेकर राज्य सरकार पर हमला किया है। इससे पहले विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में बहने वाली नदियों टांगरी, बेगना व मारकंडा की खुदाई का जायज़ा लिया। विधायक ने कहा कि हर वर्ष बरसात के मौसम में क्षेत्र के अनेक गांवों और शहरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद सरकार और संबंधित विभागों द्वारा नदियों की सफाई, गाद निकालने तथा तटबंधों को मजबूत करने के कार्य में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।


**मुलाना।** नदी की खुदाई का जायजा लेती विधायक पूजा।

#### कार्य की नियमित समीक्षा की जाए

विधायक ने मांग की कि संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए जाएं और कार्य की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि मानसून के दौरान लोगों को जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## बुजुर्ग से 50,000 लूट का आरोपी चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार



**अंबाला।** सीआईए 1 ने मुस्तैदी दिखाते हुए बुजुर्ग महिला से पचास हजार की राशि लूटने वाले आरोपी को महज 24 घंटे में ही काबू कर लिया। लूट का शिकार हुई महिला बैंक से पैसे निकालकर घर जा रही थी। बुजुर्ग महिला ने अपने घरेलू काम के लिए 'बैंक ऑफ बड़ौदा' जंडली से 50,000 की नकदी निकलवाई थी। आरोपी पहले से ही बैंक के आसपास रेकी (निगरानी) कर रहा था। जैसे ही बुजुर्ग महिला पैसे लेकर अकेली अपने घर की तरफ रवाना हुई, आरोपी ने सूना मौका पाकर महिला से 50,000 की नकदी लूटकर फरार हो गया। महिला की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-9 पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच की जिम्मेदारी सीआईए-1 को सौंपी गई। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि जांच टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों और सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाया आरोपी को धर दबोचा।पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रीत कॉलोनी के कमल सागरके रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि वारदात में लूटे गए रूपयों की बरामदगी की जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### अंबाला में एसआईआर का काम लगातार जारी

**अंबाला।** एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रत्येक मतदाता को अपने प्रपत्र में सही एवं जानकारी भरकर उसे निर्धारित समय पर बीएलओ को सौंपना होगा।

## तीस लाख रुपये के आभूषण चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए-2 ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। पुलिस ने डिफेंस कॉलोनी में हुई सोना चांदी जेवरात चोरी के मामले में संलिप्त तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अशोक उर्फ सोका निवासी डेहा कॉलोनी, राजपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दलेल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विनय गोयल ने 4 जून 2026 को थाना पंजोखरा साहिब में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार दोपहर जब वे किसी काम से बाहर गए थे, तब चोरों ने उनके सूने मकान का फायदा उठाकर मुख्य द्वार और अलमारियों के ताले तोड़ दिए।



**अंबाला।** चोरी के आरोप में पकड़ा गया शातिर आरोपी अशोक।

#### जांच जारी

जांच में सामने आया है कि आरोपी अशोक उर्फ सोका एक शातिर चोर है, जिसके खिलाफ पहले भी पंजाब के विभिन्न थानों में चोरी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जायज वोट के सत्यापन के साथ गलत को कटवाएं सभी मतदाता

**नारायणगढ़।** पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार मेहता ने कहा कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान जागरूक मतदाताओं का दायित्व केवल अपनी वोट तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें सही मतदाता सूची तैयार करने में बीएलओ का सहयोग करना चाहिए। इसमें उनकी अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट का कटना सुनिश्चित हो। हर मतदाता को इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मेहता ने कहा कि हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर वोट का अपना विशेष महत्व है इसलिए मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएं अथवा गलत विवरण दर्ज हों तो इसका सीधा प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर उसे सही करवाए।



### सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध

# राजकीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ, छात्रों को रोजगार देने वाली ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भारांपुर के प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में कोपा, ड्रेस मेकिंग, पलंबर, वेल्डर, शीट मेटल वर्कर, वुड वर्क टेक्निशियन, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग टेक्निशियन, वायरमैन, आई एंड सीटीएसएम व पेंटर जनरल जैसे लोकप्रिय ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। संस्थान में आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही समय-समय पर प्लेसमेंट, औद्योगिक भ्रमण, कौशल प्रतियोगिताएं तथा व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।


**शहजादपुर।** आईटीआई का बाहरी दृश्य।

#### निःशुल्क आवेदन की सुविधा

*प्रधानाचार्य ने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे तकनीकी शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने हेतु राजकीय आईटीआई भारांपुर में प्रवेश लें। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया की विद्यार्थियों कि सुविधा के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क बनाये गए हैं जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के लिए निशुल्क आवेदन की सुविधा दी जा रही है।*

### बाइक सवार को मारी टक्कर, 12वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** शहर के सेक्टर-9 में रात बुलेट ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पिता के पीछे बैठे अभिजोत (16) की मौत हो गई। अभिजोत अपने पिता के साथ घरेलू काम से जा रहा था। हादसे में सिर के बल सड़क पर गिरने से छात्र को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बुलेट चालक के खिलाफ के दर्ज कर लिया है। सेक्टर-10 के गुरविंद्र सिंह ने बताया कि वह खेती-बाड़ी करते हैं। बेटा अभिजोत सिंह मुरलीधर डीएवी में 12वीं कक्षा का छात्र था। रात करीब 9:15 बजे बेटे अभिजोत को अपनी बाइक के पीछे बैठाकर किसी निजी काम से सेक्टर-9 की मार्केट जा रहे थे। रात करीब 9:25 बजे जब पिता-पुत्र अपनी बाइक से उधम सिंह चौक से थोड़ा आगे सेक्टर-9 मार्केट की तरफ बढ़ रहे थे।